(ग) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान एक नए डिजिटल इलेक्ट्रानिक रिमोट लाइन यूनिट का (आर. एल. यू.) शाहदरा में खोले जाने का प्रस्ताव है। रेलवे लाइन के उत्तर में केन्द्र शासित प्रदेश दिल्ली के यमुना पारीय क्षेत्र में सभी टेलीफोन कनेक्शन इस रिमोट लाइन यूनिट द्वारा पूरा किए जाने का प्रस्ताव है। इस रिमोट लाइन यूनिट के चालू हो जाने के पश्चात् मौजूदा पुराना स्ट्रोजर एक्सचेंज (21) बन्द कर दिया जाएगा।

दिल्ली के अस्पतालों में गर्भपात

1959. **श्रीमती वीणा वर्मा** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में गत 3 वर्षों में किए गए गर्भपातों की संख्या कितनी है, और इन गर्भपातों के कराये जाने के क्या कारण थे ;

(ख) अमनियोसिंटेसिस टेस्ट (लिंग निर्धारण प्रशिक्षण) कराने के बाद कितने गर्भपात कराये गये ;

(ग) लिंग निर्धारण परीक्षण कराने के बाद किये गये गर्भपातों में लड़के और लड़कियों की संख्या कितनी-कितनी थी ;

(घ) क्या यह सच है कि लड़की के भ्रूण को नष्ट करने के लिए इस परीक्षण का दुरुपयोग किया जा रहा है ; और

(ङ) क्या यह भी सच है कि इन गर्भपातों को तभी कराया जाता है जब कि लड़की पैदा होने की संभावना होती है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी सरोज खापर्डे) : (क) दिल्ली में चिकित्सा द्वारा समाप्त किए गए गर्भों की वर्षवार कुल संख्या इस प्रकार है :—

1985–86	32,850
1986–87	36,880
1987–88	15,262 (अगस्त, 1987 तक)

इन गर्भपातों के अधिकतर कारण है गर्भनिरोधक की असफलता तथा गर्भ से संबंधित चिकित्सीय बीमारियां।

(ख) से (ङ) निम्नलिखित अस्पतालों में अमनियोसिंटेसिस की सुविधाएं उपलब्ध हैं :—

1. सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली

2. अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली

3. लेडी हार्डिंग मेडिकल कालेज एवं सुचेता कृपलानी अस्पताल, नई दिल्ली।

4. मौलाना आजाद मेडिकल कालेज एवं संबद्ध लोक नायक जय प्रकाश नारायण तथा गोविन्द बल्लभ पंत अस्पताल, नई दिल्ली

5. केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना प्रसूति एवं स्त्री रोग अस्पताल, आर० के० पुरम, नई दिल्ली।

इन सुविधाओं का इस्तेमाल भ्रूण में जन्मजात विकृतियों का पता लगाने के लिए किया जाता है, न कि लिंग का पता लगाने के लिए।

Promotion of teachers in Kendriya Vidyalaya Sangathan

1960. SHRIMATI BIJOYA CHAKRAVARTY : Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state :

(a) whether it is a fact that some Yoga Teachers have been promoted as Physical Education Teachers in Kendriya Vidyalaya Sangathan recently if so, what are the details of rules under which they have been promoted;

(b) the list of such teachers and whether they were promoted as per recruitment and promotion rules of Kendriya Vidyalaya Sangathan and if not, what were the reasons therefor;

(c) whether other categories of teachers also can be considered so far promotion to higher grades/posts if they possess necessary qualifications; and

(d) if so, what are the details thereof and justifications therefor ?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF EDUCATION AND CULTURE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRIMATI KRISHNA SAHI): (a) to (d) Consequent on the decision of the Board of Governors of Kendriya Vidyalaya Sangathan to integrate the scheme of Yoga Education with the Physical Education Programme, 19 Yoga Teachers possessing the requisite qualifications have been put in the regular post and grade of Physical Education Teachers. A list giving the names of the Yoga Teachers who have been thus posted as Physical Education Teachers is given in the enclosed Statement.

Statement

List of Yoga Teachers having requisite Qualifications who have been put in the Grade of Physical Education Teachers

1. Shri R. P. Mahalwal
2. Shri D. R. Bhardwaj
3. Shri S. S. Dave
4. Smt. Kamlesh Kumari
5. Shri M. P. Sharma
6. Smt. Sunita Kataria
7. Smt. H. D. Sharma
8. Shri S. P. Sehrawat
9. Miss Pratibha Sharma
10. Shri B. S. Debas
11. Shri S. B. Rana
12. Shri J. C. Arya
13. Shri B. K. Sharma
14. Shri Rajbir Singh Alhawat
15. Shri Mukesh Kumar
16. Shri Sohan Singh
17. Shri T. Surender
18. Smt. Savita Malhotra
19. Miss Pushpa Misra

Private cars as taxis used by Vayudoot

1961. SHRI J. P. GOYAL: Will the Minister of CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Vayudoot is using a taxi service which has cars with private registrations, as reported in the *Indian Express* dated the 22nd August, 1987 under the heading 'Private cars as Taxis'; and

(b) if so, what are the details in this regard ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SANTOSH MOHAN DEV): (a) and (b) Vayudoot have engaged a taxi service to pick up and drop its crew and the cars provided by contractor consisted of DLY and private cars.

1962. **श्री सोहन लाल धूसिया :**
कुमारी सुशीला तिरेया :

क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश के लखनऊ जोन कितने केन्द्रीय विद्यालय कार्यरत हैं और वे किन-किन स्थानों पर स्थित हैं;

(ख) उपर्युक्त विद्यालयों के लिए स्थल का चयन करने के लिए क्या मानदण्ड अपनाए गए थे;

(ग) प्रत्येक विद्यालय के प्रिंसीपल और वाइस-प्रिंसिपल का नाम क्या-क्या है; और

(घ) इन विद्यालयों में प्रिंसीपल और वाइस-प्रिंसीपल के पद के लिए भर्ती नियम और शर्तें क्या हैं और उन विद्यालयों के नाम क्या हैं जहां उपर्युक्त दोनों में से किसी पद पर हरिजन अथवा अल्पसंख्यक समुदायों का कोई व्यक्ति तैनात है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री श्रीमती कृष्णा साहनी : (क) से (ग) 30-4-1987 की यथा स्थिति के अनुसार लखनऊ प्रदेश में केन्द्रीय विद्यालयों की कुल संख्या 46 थी । इन स्कूलों के स्थानों तथा प्रधानाचार्यों और उप-प्रधानाचार्यों के नामों को दर्शाने वाला विवरण संलग्न है । [देखिए परिशिष्ट CXLIV, अनुबंध संख्या 78]